संक्षिप्त

200 परिंडे बांधे

निवाई। शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौंला एवं शहीद स्मारक जौंला में गौ-पक्षी पर्यावरण सेवा समिति बैनाड़ रोड जयपुर के सानिध्य में परिंदों को गर्मी से राहत देने के लिए परिंडे बांधे गए। इस अवसर पर पर्यावरण समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव का विद्यालय परिवार व स्मारक समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष यादव ने बताया समिति के इस मिशन का लक्ष्य पशुओं के लिए करीब 2 हजार पानी की टंकिया एवं पक्षियों के लिए 20 हजार परिंडे लगाना है। इसी लक्ष्य के अंतर्गत विद्यालय जौंला व शहीद स्मारक एवं जौंला आश्रम में दाने व पानी के 200 परिंडे बांधे गए।

विद्या मन्दिर में हुआ वार्षिक परीक्षा यज्ञ का आयोजन

फुलेरा । कस्बे के शिवाजी नगर, बालाजी रोड़ पर स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में बुधवार को वार्षिक परीक्षा पूर्व परीक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इसके चलते विद्या मन्दिर के भैया बहिनों तथा आचार्य एवं दीदीयों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुमावत ने बताया गया कि यह तो विद्या मन्दिर के संस्कार है कि शुभ कार्य से पूर्व पूजा विधि यज्ञ अनुष्ठान आदि किए जाते है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कारवान विद्यार्थी ही अच्छे भविष्य के निर्माता होते है। इस अवसर पर विद्या मन्दिर के आचार्य गणेश नारायण चौधरी, अर्जुन लाल चौधरी, मुन्नी देवी, किरण मालाकार, सुगनी देवी, तारा कुमावत, सपना देवी, कान्ता सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे।

विद्यालय में ''जल शपथ'' का आयोजन

फुलेरा । कस्बे की जोबनेर रोड़ स्थित पीएम श्री विद्यालय में राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत जल पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके चलते प्रथम दिन ''जल शपथ'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना और विद्यार्थियों को जल संचयन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य मयंक कुमार शर्मा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही विद्यार्थियों को जल संचयन के प्रति शपथ दिलाई। वहीं व्याख्याता मुकेश कुमार सोनी ने जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की और विद्यार्थियों को जल संचयन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के प्रति शपथ ली और जल संचयन के लिए अपने दैनिक जीवन में प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

मीटिंग का आयोजन

दौसा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति की मीटिंग का आयोजन परशुराम धर्मशाला में सुभाष भोजवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गजेंद्र झाला ने सुझाव दिया कि परशुराम जन्मोत्सव 29 अप्रैल को धूमधाम से और पूरे लवाजमे के साथ धूमधाम से मनाया जाना चाहिए जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया। बैठक में शिवचरण गुरु का खेड़ा ने समारोह के संयोजक हेतु अरुण रेंजर तथा ज्ञानचंद जैमन के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। गजेंद्र झाला ने कोषाध्यक्ष हेतु कमलेश भोजपुरा के नाम का सुझाया। शोभायात्रा सोमनाथ मंदिर से शहर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई चाणक्य छात्रावास पहुंचेगी।

अवैध बजरी परिवहन करते ट्रक जब्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाये जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन, भण्डारण, निगर्मन रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत अरविन्द कुमार वृत्ताधिकारी पीपलू व पीपलू थानाधिकारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व मे गठित टीम ने गत रात्रि के दौरान अवैध बजरी परिवहन करते हुये अवैध बजरी से भरे हुये एक मिनी ट्रक को जब्त किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों का होना भी जरूरी है'

किशनगढ़ बास घाटा बंबोरा हनुमान मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान करते प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली सहित नेता व परिवार के लोग।

- **सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता व किशनगढ़ बास की बेटी प्रज्ञा पालावत का हुआ सम्मान, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित जिले भर के नेता पहुंचे आशीर्वाद देने**

किशनगढ़ बास। महिला सशक्तिकरण समानता व न्याय की वकालत के क्षेत्र मे पिछले दिनो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय न्यायविद परिषद और अखिल भारतीय बार एसोसिएशन की ओर से सम्मानित हुई किशनगढ़ बास की बेटी सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत का गुरुवार को किशनगढ़ बास घाटा बंबोरा हनुमान मंदिर पर सम्मान समारोह एवं भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ता प्रज्ञा पालावत के पति अभिजीत शाह सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। सम्मान समारोह में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, वन राज्य मंत्री संजय शर्मा, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, मुंडावर विधायक ललित यादव सहित अनेक नेताओं एवं अधिकारीयों, अधिवक्ताओं व शहर के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत कर बेटी पालावत का सम्मान किया और आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली सहित परिवार जनों ने बेटी पालावत को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मान किया।

इस मौके पर बेटी प्रज्ञा पालावत ने बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया और कहा में सौभाग्यशाली हूं कि मुझे सूरज की तरह रोशनी देने वाले सूर्यदेव सिंह बारेठ के रूप में दादासा और बड़ी मां के रूप में नंदा देवी जेसी दादीसा मिली जिनकी गोद में पली बढ़ी हुई। आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करने वाले पिता संजीव बारेठ व तपस्या बारेठ जेसी मां मिली जिन्होंने हर कदम पर मुझे आगे बढ़ने में हौसला दिया। उन्होंने कहा बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों का होना भी जरूरी है।

कृषि पंडित पद्मश्री पुरस्कार सहित देश भर में अलग-अलग मंचों पर 42 से अधिक सम्मान प्राप्त कर चुके प्रज्ञा पालावत के दादासा एडवोकेट सूर्यदेव सिंह बारेठ जो करीब 89 साल के हो चुके हैं। करीब 20 साल पति-पत्नी किशनगढ़ बास पंचायत समिति के प्रधान रहे हैं। पुत्र संजीव बारेठ कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष है, अभी हाल में पार्टी ने उन्हें जिला पाली की विधानसभा मारवाड़ जंक्शन का संभाग समन्वयक नियुक्त किया है। पत्नी तपस्या बारेठ पंचायत समिति सदस्य रहीं है। बारेठ परिवार के मीडिया प्रभारी रहमत शाह अल्वी ने बताया की कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान ओम प्रकाश रोघा, कांग्रेस पीसीसी सदस्य गिरिश डाटा, पूर्व नगर पालिका खैरथल अध्यक्ष अशोक डांटा, किशनगढ़ बास नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल, पूर्व प्रधान विनय व्यास, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील यादव, अमित गौड़, व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता उमेश यादव, सहित जिले भर से कांग्रेस नेता अधिवक्ता कवि अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का दिया निमंत्रण

चौरु/उनियारा। माली समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन उनियारा को लेकर सम्मेलन समिति के पदाधिकारियो ने राजस्थान सरकार के पूर्व कृषि मंत्री डॉ .प्रभु लाल सैनी को माली समाज के पंचों के द्वारा निमंत्रण दिया गया। समाज के लोगों में सम्मेलन के प्रति उत्साह दिखा। सम्मेलन के कार्यक्रम को लेकर सम्मेलन की गतिविधियों के बारे में विचार- विमर्श किया गया ।सम्मेलन समिति के पदाधिकारियो को डॉ . सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा वह सम्मेलन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली वह सम्मेलन में किए गए कार्यक्रम की तय समय की रूप रेखा के तरीके से कार्य करने के भी निर्देश भी दिए ।डॉ. प्रभु लाल सैनी स्वयं सम्मेलन समिति में मुख्य संरक्षक भी है।माली समाज आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल 2025 को उनियारा में आखातीज के अबूझ सावे पर आयोजित होगा।उनियारा सम्मेलन समिति के पदाधिकारी संरक्षक प्रभु लाल सैनी मनोहरपुरा, टौंक माली समाज पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश गढ़वाल, सम्मेलन समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप सैनी,उनियारा माली समाज शहर अध्यक्ष तेजपाल सैनी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी,कन्हैयालाल सैनी,नरेंद्र सैनी, गोपाल सैनी उनियारा,रतन लाल सैनी, शंकर लाल सैनी,हीरालाल सैनी आदि मौजूद थे।

नाम परिवर्तन

मेरे पति स्व.sep जगदीश सिंह आर्मी नं. 2650789L 13 GDR में थे। जिनके ppo sparsh सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सम्पत देवी गलत दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम सम्पत कंवर (SAMPAT KANWAR) व जन्मतिथी 27.03.1955 है। जो कि पूर्णता सही है।

I Avish Bhargav S/o Paka Ram R/o Lapod, Pali, Rajasthan - 306115, have changed my name to Narayan Lal

I Raj Kaur legally wedded spouse of service no2979411A Ex NK (TS) Late Jagdish Singh S/O Hari Singh Resident off rajputo ka mohalla Rundal Amer jaipur That have changed name RAJ KAUR (29 years) is wrong entered in my husband service record To RAJ KANWAR (DOB1/1/1965) Vide affidavit dated 15 apr 2025 before district notary Jaipur

खोया पाया

मेरे प्लॉट संख्या 80/161 सैक्टर 8, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का नो ड्यूज सर्टिफिकिट कहीं गुम हो गया है। मिलने पर संपर्क करें। 9785655218

मेरे मकान 1-द-18 जवाहर नगर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र जवाहर नगर जयपुर में कहीं गिर गए है मिलने पर सूचित करें- मनोज गकखड 9413006803

मेरे मकान 7/13 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन, कार्यालय आदेश, डिमांड लेटर,अदेय प्रमाण पत्र, नियमितीकरण पत्र, मालवीय नगर में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें- आलोक गोयल 9829077633

मेरा मकान सं. 194/108 प्रताप नगर, जयपुर का मूल नियमितिकरण मांग पत्र (आक्षेप पत्र) कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। मनोज कुमार गोयल, 9782587356

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

कोटपूतली। कस्बे के सराय मौहल्ला स्थित श्री राधा गोविंद संतोषी माता मंदिर के पास गुरूवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ किया गया। इससे पूर्व प्रातरू महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकाली गई। जिसमें मंदिर महंत विष्णु गोस्वामी द्वारा कलश पूजन करवाकर यात्रा का शुभारम्भ किया गया। जिसमें राधा कृष्ण की झांकी व कथा वाचक संत रामचंद्र दास महाराज धीर समीर वृंदावन वाले रथ में सवार होकर शोभा यात्रा व बैंड बाजे डीजे के साथ बिहारी जी मंदिर, केशव जी मंदिर बड़ाबास से आजाद चौक नगर पालिका तिराहा होती हुई मंदिर प्रांगण में पहुंची।

यात्रा का जगह-जगह जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान कराकर स्वागत किया गया। भागवत कथा गुरूवार दोपहर 03 से सायं 06 बजे तक प्रतिदिन होगी। इस दौरान आयोजक पूर्व पार्षद संतोष देवी, श्याम लाल सोनी योगेश बंसल, सुभाष अग्रवाल, रूपचंद सैनी, जितेन्द्र जोशी, विनोद जोशी, नितिन जोशी, रघुवीर सैनी, राहुल गुप्ता, नरेश गुप्ता, हीरालाल मीणा समेत मातृ शक्ति मौजूद रही।

बालाजी मंदिर में चल रहे महायज्ञ में तीसरे दिन की अग्नि प्रज्वलित

- **नव कुण्डीय इस महायज्ञ में 11 जोड़े आहुतियां दें रहे है, महामण्डलेश्वर हरिदास जी महाराज प्रधान कुंड पर आहुतियां दें रहे हैं**

श्रीमाधोपुर । गढ़टकनेत के रामसागर जोहड़े में स्थित श्री बालाजी मंदिर के संत हरिदास महाराज के सान्निध्य में नौ दिवसीय एवं नौ कुण्डीय श्री मारुति महायज्ञ में गुरुवार को अग्नि प्रज्वलित की गई इसके साथ ही हजारों आहुतियां दी गई। महायज्ञ यज्ञाचार्य पण्डित रतनलाल लाटा ने बताया कि गुरुवार को महायज्ञ के कुण्डों में मंत्रोच्चार के साथ अग्नि प्रज्वलित कराई गई उसके बाद विधि- विधान के साथ एवं मंत्रोच्चार के साथ गुरुवार को हजारों वाल्मीकि सुंदरकांड, पुरुषसक्त, श्री राम मंत्र की आहुतियां दी गई।नवगुण्डीय नौ यजमान जोड़ों के 15 विद्वान पण्डितों ने पूजा -अर्चना कर आहुतियां दिलवाई। महायज्ञ में प्रथम गणेश जी, पंच परमेश्वर, योगिनी, वरुण, ब्रह्मा, लोकपाल, दिग्पाल, मरुतगण, नवग्रह, अधिपति, प्रत्याधिपति, ग्रह मंडल, वास्तुमंडल, योगिनी मंडल, क्षेत्रपाल मंडल,भद्र मंडल देवताओं के मंत्रों से स्वाहा कर करवाया गया। पूज्य यज्ञाचार्य पण्डित रतनलाल लाटा के अनुसार महायज्ञ नौ कुण्डीय है,नौ यजमान जोड़े आहुतियां दें रहे हैं, 15 विद्वान पण्डित पूजन कार्य कर रहे हैं, प्रतिदिन 40 किग्रा गाय का घी हवन में काम आ रहा है वही 50 किग्रा पीपल-खेजड़ी -चंदन की समिधा (लकड़ियां) काम आ रही हैं।

मंदिर संत टीलाद्वाराचार्य महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008श्री हरिदास जी महाराज ने बताया कि इसके बाद विभिन्न साधु-संतों के प्रवचन होते हैं एवं रात को भजन संध्या का कार्यक्रम चलता है। बड़े -बुजुर्गो की मान्यता है कि महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।इस महायज्ञ में महायज्ञ समिति सदस्य मोतीलाल रुण्डला, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मुकेश नटवाड़िया, बनवारीलाल, बाबूलाल रुण्डला, अशोक नटवाड़िया, शंकरलाल जांगिड़, पवन कुमार शर्मा, धोलूराम निठारवाल, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार समेत कई कार्यकर्ता सेवाएं दे रहे हैं। नव कुण्डीय इस महायज्ञ में 11 जोड़े आहुतियां दें रहे हैं।महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री हरिदास जी महाराज प्रधान कुंड पर आहुतियां दें रहे हैं।

महायज्ञ में आज गुरुवार को जसवंतपुरा के श्री श्री 1008श्री भींवादासजी महाराज , अरनिया के पुजारी दयानंद जी , रामपुरा के रोहिताश दास जी, ईश्वरदास जी बुढ़वाल , किशोर दास जी के अलावा डॉ लक्ष्मण सिंह जी पूनिया , निहालचंद सामोता, भीम सिंह सामोता, साधुराम पंच, बनवारीलाल जांगिड़, कानाराम, सुवालाल, दीपक नटवाड़िया और मनोज शर्मा ने भी अपनी हाजिरी लगाई।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

टोंक। सिकोईडिकोन संस्था व जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस के सयुक्त तत्वाधान मे जिले में चलाई जा रही न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत भगवानपुरा की ढाणी, जुगलपुरा, विजयपुरा, गुडोली, श्रवन बैरवा की ढाणी और मुनियां गांव में बाल विवाह और बाल श्रम के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगो को बाल विवाह के दुष्परिणामो के प्रति स्थानीय नागरिकों को जागरूक करना व बालविवाह के खिलाफ समाज में जागरूकता फैलाना है।

संस्था कार्यकर्ताओ के द्वारा उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, बाल अधिकार एवम बाल अधिकारो की सुरक्षा के लिए बने विभिन्न कानूनों, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 कानून आदि के बारे में विस्तार से बताया तथा स्थानीय लोगो से बालक बलिकाओ को शिकच्छित् एवं सशक्त बनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनाने एवम सामाजिक कुरूर्तियो को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया।

नगर निगम जयपुर, हैरिटेज
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पास)
क्रमांक-एफ13(उपा.लैण्ड/ननिज./2025/2300 दिनांक-12/02/25

सार्वजनिक सूचना

मूल भूखण्ड सं. मकान नं. 15, इन्दिरा कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर का पट्टा श्री रामेदव पुत्र श्री हुकुमचन्द कुमावत को दिनांक 17.07.1957 को 266.66 व.ग. का पट्टा जारी किया गया था। श्रीमती सुमित्रा देवी धूत पत्नि श्री नवल किशोर (धूत) द्वारा विक्रय पत्रों के आधार पर व शपथ पत्र प्रस्तुत कर का एवं अन्य दस्तावेजो के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर 266.66 व.ग. नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त लैण्ड शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त (लैण्ड) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

राजस्थान आवासन मंडल, वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 1677 **जाहिर आम सूचना** दिनांक: 17.04.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में दुकान संख्या 10 सेक्टर- 03 (एरिया 9.9225 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री पंकज कुमार पुत्र श्री बृज लाल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 278 दिनांक 26.06.1993 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 15.09.1993 को प्राप्त कर लिया गया है। श्री पंकज कुमार की मृत्यु दिनांक 08.12.2023 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती रीतु जीत नरुला पत्नी स्व. श्री पंकज कुमार द्वारा उक्त दुकान को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त दुकान के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। श्रीमती रीतु जीत नरुला पत्नी स्व. श्री पंकज कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक वृत्त- प्रथम, राज. आवा. मंडल, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक:अविप्रा/उपा. जोन-9/2025/डी- 1214 दिनांक 02-04-2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता गुप्ता एवं डॉ. पूनम भोजवानी द्वारा निजी खातेदारी योजना रतन सागर के भूखण्ड संख्या 76 का संयुक्त (लीज डीड) पट्टा जारी किये जाने हेतु ऑन लाईन आवेदन संख्या 165261 दिनांक 20.09.2024 द्वारा आवेदन किया गया है।

निजी खातेदारी योजना रतन सागर के भूखण्ड संख्या 76 का आवंटन पत्र दिनांक 10.06.2005 को श्री अशोक गुप्ता पुत्र श्री रामावतार गुप्ता के नाम से जारी किया गया है। खातेदार द्वारा प्रस्तुत एन.ओ.सी. में श्री अशोक कुमार गुप्ता का नाम अंकित है। श्री अशोक कुमार गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड में से पश्चिमी हिस्सा क्षेत्रफल 114.64 व.ग. का बेचान जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 09.06.2011 को श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी श्री गोपाल लाल खण्डेलवाल को किया गया। इसी प्रकार उक्त भूखण्ड में से मध्य हि. क्षेत्रफल 115 वर्ग गज का बेचान पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.03.11 को डॉ. पूनम भोजवानी पत्नी श्री ललित भोजवानी को किया गया। इसी प्रकार उक्त भूखण्ड में से पूर्वी हि. क्षेत्रफल 115 वर्ग गज का बेचान पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.03.11 को डॉ. पूनम भोजवानी पत्नी श्री ललित भोजवानी को किया गया। उक्त भूखण्ड का मूल आवंटन पत्र गुम होने के कारण ऑनलाईन गुमशुदगी रिपोर्ट कराई गई है एवं दैनिक समाचार पत्र में खोया-पाया का प्रकाशन कराया गया है इत्यादि अपलोड किये गये है।

उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

उपायुक्त जोन-9, विकास प्राधिकरण, जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला न्यायाधिश क्रम-7 जयपुर महानगर द्वितीय
प्रदीप शर्मा विरूद्ध आरती शर्मा व अन्य
वाद बाबत विभाजन
वाद सं. 40 सन 2025 CIS 99/2025

बनाम आरती शर्मा पुत्री स्व.दया शंकर शर्मा C/o अभिनव शर्मा स्थान 451, शास्त्री नगर, दादा बाडी, कोटा, राजस्थान

वादी ने आपके विरूद्ध वाद के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 21 माह 4 सन् 2025 को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 03 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से-रीडर
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-7 जयपुर महानगर द्वितीय

ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

आखतडी ग्राम सहित आधा दर्जन गांवो के ग्रामीणो व मालपुरा शहर के मुस्लिम पार्षदो ने परिसीमन पर जताई आपत्ति।

मालपुरा। ग्राम पंचायतो के परिसीमन की सुची जारी होने के साथ ही ग्रामीणो के आक्रोश व प्रदर्शन के साथ-साथ शुरू हुआ आपत्तियों का दौर दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है। गुरूवार को आधा दर्जन गांवो के ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौंप जताई आपत्ति। पूर्व सरपंच के नेतृत्व मे आखतडी गांव के ग्रामीणो ने सौंपे गये ज्ञापन मे बताया कि जनगणना 2०11 के अनुसार पारली गांव की जनसंख्या 38०9 है तथा आखतडी की जनसंख्या 1733 है। पारली ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या 5542 है। उक्त दोनो राजस्व ग्रामो का पटवार हल्का एक ही है जो पारली पटवार मंडल के नाम से संचालित है। सभी मूलभूत सुविधाऐं पारली मुख्यालय पर संचालित है। लेकिन हाल ही मे पंचायतराज अधिनियम 1994 की धारा 1०1 के अन्तर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के आदेशो पर राजनैतिक द्वेषता एवं प्रभावशाली राजनेताओं के दबाव के चलते स्थानीय अधिकारी कर्मचारी गलत तरीके से राजस्व ग्राम आखतडी को पारली पंचायत से हटा नवसर्जित ग्राम पंचायत डोरिया मे जोडकर सरकार को प्रस्ताव भेज दिया। डोरिया गांव की जनसंख्या महज 33०3 है जो कि पंचायत के मापदण्डो के अनुरूप नही है फिर भी उसे पंचायत बना दिया गया। आखतडी से कम जनसंख्या के बावजूद डोरिया को पंचायत बनाकर षडयंत्र का शिकार बनाया गया है।

एएसआई एवं हेड कांस्टेबल सर्वोत्तम पुलिस सेवा चिन्ह से सम्मानित

श्रीमाधोपुर। अजीतगढ़ थाना पुलिस के एएसआई एवं हेड कांस्टेबल को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर सम्मानित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना अजीतगढ़ के एएसआई नेकीराम को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक जयपुर सचिन मित्तल के निर्देश पर सीकर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने सर्वोत्तम पुलिस सेवा चिन्ह, प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया वहीं हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार को सीकर पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने अति उत्तम सेवा चिन्ह एवं प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया।हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी 22 साल की पुलिस नौकरी ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा के साथ की है। एएसआई नेकीराम एवं हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार को यह सम्मान उनके पदीय कार्य करते हुए उनके द्वारा प्रदर्शित कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय सेवाओं के बदले मिला है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी अजीतगढ़ के तहसील प्रभारी कपिल मीणा, जिला सदस्य दिनेश गोविन्द शर्मा एवं ब्लाक संयोजक शंकरलाल शर्मा ने एएसआई एवं हेड कांस्टेबल को धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं।

पुलिस उपाधीक्षक उमेश गुप्ता एवं थानाधिकारी मुकेश कुमार की मुस्तैद टीम के साथ पूर्व पार्षद मनीष मीणा सहित अनेकानेक लोगों ने दोनों सम्मानित होने वाले जवानों को उनकी शानदार, लाजबाव, बेमिसाल उपलब्धि के लिए शाबाशी दी है। बताया गया है कि जब दोनों को शुभकामनाएं देने के लिए सम्पर्क किया तो हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार ने बताया कि आर्डर तो पहले ही जारी हो गए थे लेकिन राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर सम्मानित किया गया है। इस सम्मान ने उन्हें नई ऊर्जा एवं जज्बा प्रदान किया है।

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 27/2024 उत्तराधिकारी

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम सुगन चौबे पत्नि अविनाश चन्द्र चौबे जाति....

विवाद स्थान 6912 केलगरी आई अस्पताल परिसर मालवीय नगर जयपुर

मृतक......... की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 19.05.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अविनाश चन्द्र चौबे पुत्र पन्ना लाल चौबे जाति... निवासी 179 विनोबा विहार मालवीय नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19 माह 05 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 16 माह 04 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम
मोहर अदालत

नोटिस हरखास व आम अन्तर्गत आर्डर 1 रूल 8 सीपीसी.
न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवम न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी, जिला करौली राज.
पीठासीन अधिकारी श्रीमती संयोगिता गहलोत
मु.नं. 33/2025

आमजनता मुस्लिम समाज हिण्डौन सिटी जरिये नागरिक जुम्मा वगैरहा बनाम भूपेन्द्र सिंह वगैरहा

दावा बाबत हुक्म इम्तनाई दवामी इन मेन्डेटरी फार्म नोटिस बनाम हरखास व आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण आम जनता मुस्लिम समाज हिण्डौन सिटी जरिये नागरिक जुम्मा वगैरहा ने प्रतिवादीगण भूपेन्द्र सिंह पुत्र मोतीसिंह, जाति गुर्जर नि. बडी बाखर हिण्डौन, नरेन्द्रमित्तल, पुत्र महेशचंद जाति महाजन नि. मोहननगर हिण्डौनसिटी, नगरपरिषद हिण्डौन सिटी, तहसीलदार तहसील हिण्डौन के विरूद्ध दावा बाबत हुक्म इम्तनाई दवामी इन मेन्डेटरी फार्म में ख.नं. 7913 रकबा 0.4900 हेक्टेयर किस्म गैर मुमकिन कबर कस्बा हिण्डौन कब्रिस्तान को जाने वाले रास्ते ख.नं. 7912 पूर्वी दिशा की ओर कदीमी रास्ता तथा उत्तर दिशा की ओर कदीमी रास्ता के बाबत यानि उक्त रास्तों में कब्रिस्तानों पर आने जाने वाले रास्तो पर व्यवधान ना डालने बाबत वाद पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त संबंध में कोई आपत्ति या उज्र हो तो वह असालतन या वकालतन तारीख पेशी 23.04.2025 पर समय 7.30 ए.एम. पर उपस्थित होकर अपनी आपत्ति व उज्र पेश करे। अन्यथा वाद गुजरने तारीख पेशी कोई भी उज्रदारी/आपतित ग्रहण नही की जावेगी।

उक्त नोटिस आज दिनांक 16.4.2025 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

आज्ञा से, अज्ञानुसार शरिस्तेदार:-रीडर
सिविल न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट, हिण्डौन सिटी, जिला करौली राज.
मुहर

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनायें, दिये निर्देश

आमजन से परिवेदनाएं सुनती जिला कलेक्टर।

- **जनसुनवाई बन रही है आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण का सशक्त माध्यम**

कोटपूतली। आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को नये कलेक्ट्रेट भवन के वी.सी. कक्ष में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुये। जिला कलक्टर ने प्रकरणों के नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के मध्यनजर सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आवश्यक व्यवस्थायें बनाकर रखें। जिससे आगंतुकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने अधिकारियों से आमजन के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ सुनने के निर्देश देते हुये कहा कि आने वाला समय पेयजल, बिजली एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की दृष्टि से संवेदनशील है। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आपसी समन्वय से आमजन के हितार्थ कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने अधीनस्थ कार्यालय के कार्यो की मॉनिटरिंग करें व निचले स्तर तक निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवायें। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं का प्रभावी रूप से निस्तारण करें, ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो व बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े, स्थानीय स्तर पर ही निराकरण कराकर राहत प्रदान करें तथा सेना के जवानों, बुजुर्ग व महिलाओं के प्रकरणों को प्राथमिकता से लेंवे, बिना अनुमति के कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी अनुपस्थित ना रहें।

कार्यालय ग्राम पंचायत छादेल कलां पं.स. कोटखावदा (जयपुर)
क्रमांक-ग्रा.पं./2024-25/ई-निविदा/102 दिनांक 15.04-2025

ई-निविदा सूचना 9/2025-26

पंचायत समिति कोटखावदा के ग्राम पंचायत छान्देल कलां में sfc+ffc क्षेत्र विकास कार्यकम् के अन्तर्गत 20.00 लाख का 4 कार्य स्वीकृत है। कार्यो को सम्पादित कराने हेतु पंचायतराज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल https:/spp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त करने एवं अपलोड करने की दिनांक 17/04/2025 से 24/04/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक रहेगी।

NIB-ZJP2526A0078
UBN-ZJP2526WSOB00096 TOZJP2526WSOB00101

सरपंच ग्राम पंचायत छादेल काल्य — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत छादेल काल्य

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)
क्रमांक:-3470-79 दिनांक:- 17/4/25

-: खुली निविदा सूचना:-

कार्यालय हाजा की समस्त शाखाओ एवं अधिनस्थ कार्यालय पुलिस लाईन थानों एवं चौकियों के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी सामग्री क्रय करने के लिये सक्षम जी.एस.टी.एन. रजिस्टर्ड आपूर्तिकर्ताओं से वार्षिक दर पर संविदा हेतु खुली निविदा दिनांक 24.04.2025 समय 12:00 पी.एम.तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3:00 पी.एम पर निविदाताओं या उनके द्वारा मनोनित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना विभागीय बेवसाईट spp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। खुली निविदा सूचना का विवरण निम्नानुसार है।

सामग्री का नाम	अनुमानित राशि	निविदा फार्म	धरोहर राशि	निविदा खोलने की दिनांक
स्टेशनरी सामग्री	4.00 लाख/- रूपये मात्र	300/- रूपये	8000/- रूपये	दिनांक 24.04.2025 समय 3:00 पी.एम.

पुलिस अधीक्षक,
जिला सवाई माधोपुर